SINDHU
www.sindhuchaupal.com
CHAUPAL
हर खबर आप तक

Thursday 15th February 2024 | जयप्रकाश बूलचंदानी 9649457589 | website: www.sindhuchaupal.com

Top News

# दिव्यांग रोजगार ट्रस्ट के सहयोग से दिव्यांग पति-पत्नी सुनीता जांगिड़ - महावीर जांगिड़ को रोजगार हेतु इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन भेंट

जयपुर (राहुल मेघवंशी) दिव्यांग रोजगार ट्रस्ट, जयपुर के द्वारा 25 फरवरी 2024 को रामराज कुमावत के द्वारा दिव्यांग सुनीता जांगिड़ धर्मपत्नी महावीर जांगिड़ को रोजगार हेतु एक ऑटोमेटिक सिलाई मशीन भेंट की गई।

ज्ञानी राम कुमावत व उनकी धर्मपत्नी ज्योत्सना कुमावत ने ट्रस्ट के सभी दिव्यांग को मान सम्मान व आदर भाव से सम्मान किया और भविष्य में भी सहयोग के लिए पूरे तन मन से अपनी भावनाएं प्रकट की।

दिव्यांग रोजगार ट्रस्ट के संस्थापक राहुल मेघवंशी ने बताया कि आनंद नागर के द्वारा ज्ञानी राम कुमावत से संपर्क हुआ और बताया की हमारा उद्देश्य दिव्यांगों को रोजगार देना और आत्मनिर्भर बनाना है। इससे उन्हें स्वावलंबन की और आत्मविश्वास बढ़ाने का मौका मिलेगा। हमारी भावना को सुनकर कुमावत ने हमें सहयोग देने का पूरा मन बना लिया और उन्होंने अपने पिताश्री रामराज कुमावत के द्वारा सिलाई मशीन भेंट करवाई। साथ ही ट्रस्ट के सदस्य देवेंद्र यादव, शंकर लाल चौधरी, नीलम, सुनीता, महावीर सभी लोग मौजूद थे।

अंत में रामराज कुमावत ने दिव्यांग पति-पत्नी को आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिलाई मशीन का उपयोग करके वे अपने कौशल को और भी मजबूत कर सकते हैं और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।










खबरें भेजने के लिए और मात्र ₹1000 में अपना विज्ञापन करने के लिए संपर्क करें
जयप्रकाश बूलचंदानी -9649457589